सोमवार
19 जून, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक



मलेशिया से सुशील के शव आने की जगी उम्मीद, डीएम से मिलेंगे पीड़ित के परिजन 3

## हीट वेव ने इस साल पिछले 11 सालों का रिकार्ड तोड़ा, 24 घंटों के लिए अलर्ट जारी

◆ पांच जिलों में सीवियर हीट वेव के साथ वार्म नाइट भी दर्ज

केटी न्यूज/पटना

बिहार में गर्मी ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। इस वक्त बिहार के 35 जिले बुरी तरह गर्मी की चपेट में हैं। इसकी वजह से प्रशासन की ओर से लोगों को एहतियात बरतने की अपील की जा रही है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि हीट वेव ने इस साल पिछले 11 सालों का रिकार्ड तोड़ दिया है। शनिवार को पटना समेत 5 जिलों में सीवियर हीट वेव के साथ-साथ वार्म नाइट भी दर्ज की गई। अगले 24 घंटों के लिए भी सीवियर हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के मौसम वैज्ञानिक आशीष कुमार ने बताया कि लंबे समय के बाद इतना लंबा हीट वेट का स्पैन चला है। इस बार 31 मई से लगातार हीट वेव चल रहा है। उन्होंने बताया कि कल यानी 19 जून से प्रदेश के अधिकतम तापमान में हल्की



गिरावट देखने को मिलेगी। इसी के साथ लू की चपेट में रहने वाले जिलों की संख्या भी कम हो जाएगी. 20 जून से मानसून के सक्रिय होने की संभावना उन्होंने जताई है। प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश की संभावना भी जताई गई है। उन्होंने 'सचेत' ऐप की जानकारी देते हुए कहा कि इस पर पल पल के मौसम की जानकारी मिल जाएगी। इसमें अगले 48 घंटे की चेतावनी के साथ-साथ अगले 5 दिनों का पुवार्नुमान भी रहता है। ऐप के नोटिफिकेशन से मौसम की ताजा जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियों पर 24 जून तक रोक :** बता दें कि बिहार में भीषण गर्मी को देखते हुए जिलास्तर पर चेतावनी जारी की गई है। इसके तहत खासकर निजी और सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियों पर 24 जून तक रोक लगा दी है। इसके लिए डीएम की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। राजधानी पटना के सभी स्कूलों के लिए भी आदेश जारी किए गए हैं। इसी तरह बांका जिले में डीएम अंशुल कुमार ने जिले के सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में 12वीं कक्षा तक सभी कक्षाओं में शैक्षणिक गतिविधियों पर 19 जून से 21 जून 2023 तक प्रतिबंध लगाया है। हालांकि बांका जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में बीते 5 जून से 24 जून तक ग्रीष्मावकाश की छुट्टी है। वहीं गया जिले में बढ़ती भीषण गर्मी और लू को देखते हुए गया के डीएम डॉ त्याग राजन एसएम ने 24 जून तक सभी सरकारी, गैर सरकारी शिक्षण संस्थान को बंद रखने का दिया है।

नवादा में भी इस तरह के आदेश डीएम की ओर से दिए गए हैं। नवादा के डीएम ने जारी आदेश में कहा है कि नवादा जिले के सभी निजी विद्यालयों में सभी तरह का शैक्षणिक गतिविधियों पर आगामी 24 जून तक के लिए रोक लगाई जा रही है। उन्होंने स्कूलों के प्रधान अध्यापकों से इसे कड़ाई से पालन करने की अपील की है।

### यूपी के कई जिलों में हीटवेव का अलर्ट

पश्चिमी यूपी के सहारनपुर, बुलंदशहर और मुरादाबाद में बजिपरजॉव तूफान का असर नजर आया। यहां भीषण गर्मी के बीच हुई बार?श ने लोगों को राहत की सांस दी। वहीं पूर्वी यूपी के जिलों में मौसम विभाग ने हीट वेव की चेतावनी जारी की है। बलिया में गर्मी कहर बरपा रही है। अभीतक 80 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है वहीं 400 से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती हुए हैं। मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा जनपद में 18 जून तक लू चलने की संभावना को देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया गया है। वर्तमान में गर्म हवा तीव्रता से चल रही है। इससे अतिसंवदनशील समूहों जैसे बच्चों, वृद्धों, गर्भवती महिलाओं, दिव्यांगों एवं श्रमिकों को विशेष रूप से लू से बचाव सम्बंधी उपायों अथवा लू की स्थिति में क्या करें व क्या न करें के संबंध में लोगों को जागरूक करने की अपील की गई है।

## विपक्षी दलों की अहम बैठक के बाद नीतीश सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार

केटी न्यूज/पटना

16 जून को जब जदयू विधायक रत्नेश सदा ने मंत्रिमंडल की शपथ ली तो कयास लग रहे थे कि राजद और कांग्रेस के नेता भी मंत्रिमंडल में शामिल होंगे। लेकिन, तब केवल जदयू विधायक रत्नेश सदा ने ही मंत्री पद की शपथ ली थी। एक दिन बाद कांग्रेस के प्रवक्ता कुंतल कृष्ण से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। सियासी गलियारे में कांग्रेस के नाराज होने की चर्चा तेज हो गई। विपक्षी एकता की बैठक से पहले इस चर्चा को विराम लग गया। कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने स्पष्ट कर दिया कि कांग्रेस से 2 चेहरे महागठबंधन सरकार के मंत्रिमंडल में शामिल होंगे। यह बातें उन्होंने सदाकत आश्रम में रविवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कही।

अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि विपक्षी एकता की बैठक के बाद बिहार सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। इसमें राजद और कांग्रेस के नेता मंत्री पद की शपथ लेंगे। कांग्रेस के 2 नेता मंत्री पद की शपथ लेंगे। कहीं कोई नाराजगी नहीं है। अफवाहों पर ध्यान न दें। बता दें कि 15 जून को अमर उजाला से बातचीत में भागलपुर से कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा ने भी मंत्रिमंडल विस्तार में कांग्रेस के नेता को भी मंत्री पद देने की बात कही थी। उन्होंने अनुपात का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस के 19 विधायक हैं। इस हिसाब से मंत्रिमंडल में 4 पद कांग्रेस को देना चाहिए। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के आमंत्रण पर विपक्षी एकता की बैठक हो रही है। पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दिल्ली स्थित आवास पर नीतीश कुमार की उनसे मुलाकात हुई थी।

## खबरें फटाफट

### तापस विमान का सफलतापूर्वक प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन और भारतीय नौसेना की टीम ने एक मानव रहित हवाई विमान का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। डीआरडीओ और भारतीय नौसेना की टीम ने 16 जून 2023 को कारवार नौसैनिक अड्डे से 148 किमी दूर आईएनएस सुभद्रा पर एक दूरस्थ ग्राउंड स्टेशन से एक मानव रहित हवाई विमान तापस की कमांड और नियंत्रण क्षमताओं को स्थानांतरित करने का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। तापस ने 07:35 बजे कारवार नौसैनिक अड्डे से 285 किलोमीटर दूर एरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) चित्रदुर्ग से उड़ान भरी।

### गंगा नदी किनारे 70 नाव और बुलडोजर में लगाई आग

**पटना।** राजधानी के जिला प्रशासन और खनन विभाग के संयुक्त अभियान में शनिवार को मनेर के कई घाटों पर एक बड़ी कार्रवाई की गई है। इसमें प्रशासन ने बालू माफियाओं के खिलाफ जमकर छापेमारी अभियान चलाया। घटना के बाद बालू माफियाओं के बीच हड़कंप मच गया। प्रशासन के आने की भनक लगते ही बालू माफिया नदी के रास्ते दियारा की तरफ फरार हो गए। दानापुर के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अभिनव धीमान ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि दो बालू माफिया आपस में किसी बात को लेकर उलझ गए हैं। सूचना मिलने के बाद पटना, भोजपुर और सारण की पुलिस मौके पर पहुंची। तभी बालू माफिया वहां से फरार हो गए।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 102वें एपिसोड को किया संबोधित

## भारत लोकतंत्र की जननी है, हमारे लिए लोकतांत्रिक आदर्श ही सर्वोपरि



◆ बोले पीएम- 1975 में लगाई गई इमरजेंसी भारतीय इतिहास में एक ब्लैक पीरियड

नई दिल्ली/एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार 18 जून को मन की बात के 102वें एपिसोड को संबोधित किया। कार्यक्रम में उन्होंने इंदिरा गांधी की सरकार का जिक्र भी किया। पीएम मोदी ने कहा कि इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की ओर से 1975 में लगाई गई इमरजेंसी भारतीय इतिहास में एक ब्लैक पीरियड था। जिसका लाखों लोगों ने विरोध किया था। पीएम मोदी ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। हमारे लिए लोकतांत्रिक आदर्श ही सर्वोपरि हैं। हम अपने संविधान को सर्वोच्च मानते हैं, जिस वजह से हम 25 जून को कभी नहीं भूल सकते हैं। ये वही दिन है जब हमारे देश में इमरजेंसी लगाई गई थी और इसका पूरी ताकत से विरोध किया गया था। वो दौर भारत के इतिहास का काला दौर था।

मन की बात में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि इन अत्याचारों पर कई किताबें लिखी गई हैं। लोकतंत्र के समर्थकों को उस दौरान इतना प्रताड़ित किया गया कि आज भी उनका मन कांपता है। मन की बात में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं तो हमें भी ऐसे अपराधों पर एक नजर डालनी चाहिए जो देश की आजादी को खतरे में डालते हैं।

**20 जून को निकलेगी ऐतिहासिक रथ यात्रा : कार्यक्रम में** पीएम मोदी ने कहा कि आज के यूथ को ऐसे अपराधों के बारे में जानकर लोकतंत्र के अर्थ और महत्व को समझने में आसानी होगी। इसके अलावा ओडिशा में होने वाली रथ यात्रा का भी पीएम मोदी ने जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 20 जून को ऐतिहासिक रथ यात्रा निकलेगी। रथ यात्रा की पूरी दुनिया में एक अलग पहचान है। भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा देश के अलग-अलग राज्यों से बड़ी धूमधाम से निकाली जाती है। पीएम मोदी ने कहा कि ओडिशा के पुरी में रथयात्रा अपने आप में अद्भुत है। जब मैं गुजरात में था, तो मुझे अहमदाबाद में विशाल रथ यात्रा में भाग लेने का अवसर मिलता था।

### एक और मन की बात हो गई लेकिन मणिपुर पर मौन जारी : जयराम नरेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एक बार फिर पीएम मोदी को मणिपुर के मुद्दे पर घेरने की कोशिश की है और इस पर प्रधानमंत्री की चुप्पी को लेकर सवाल उठाए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि तो एक और मन की बात हो गई लेकिन मणिपुर पर मौन जारी है। इसको लेकर उन्होंने एक ट्वीट किया है। इस ट्वीट में कांग्रेस नेता ने कहा कि आज प्रधानमंत्री ने एक और मन की बात की लेकिन मणिपुर को लेकर उनका मौन जारी है। आपदा प्रबंधन में भारत की जबरदस्त क्षमताओं के लिए उन्होंने अपनी ही पीठ थपथपाई लेकिन पूरी तरह से मानव निर्मित उस मानवीय आपदा के बारे में क्या जिसका मणिपुर सामना कर रहा है। अभी तक उन्होंने शांति की कोई अपील नहीं की है। एक ऑडिट न होने वाला पीएम केयर्स फंड है लेकिन क्या पीएम मणिपुर का केयर भी करते हैं, यह असली सवाल है।

इससे पहले शनिवार (17 जून) को भी जयराम रमेश ने मणिपुर हिंसा के मामले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि पीएम मोदी ने अब तक राज्य में शांति के लिए अपील नहीं की। हिंसा प्रभावित इलाके में अब तक सैकड़ों लोगों की जान चली गई है। कई घर और दुकानें और चर्च भी चलाए जा चुके हैं। जयराम रमेश ने कहा कि आज से 22 साल पहले जब मणिपुर में हिंसा भड़की थी तब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे। उस समय सभी पार्टियों की मांग पर दो बार सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। प्रधानमंत्री ने शांति की अपील की थी। इस बार जब मणिपुर जल रहा है तब प्रधानमंत्री ने शांति की कोई अपील नहीं की। मणिपुर के 10 पार्टियों के नेता पीएम से मिलने के इंतजार में हैं, लेकिन वह खामोश हैं।

## महाकुंभ की तैयारी: 800 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेन चलाएगा रेलवे

केटी न्यूज/प्रयागराज

महाकुंभ 2025 में छह मुख्य स्नान पर्वों पर रेलवे 800 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन श्रद्धालुओं के लिए करेगा। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके लिए 837 करोड़ के आरओबी और आरयूबी और यात्री सुविधाओं के विभिन्न कार्यों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने नई दिल्ली में सभी रेलवे महाप्रबंधकों के साथ हुई बैठक में कुंभ को लेकर तैयारियों के बारे में चर्चा की। बताया गया कि महाकुंभ में 15 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है।

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय नई दिल्ली में महाकुंभ को लेकर हुई बैठक में उत्तर रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उपस्थित रहे। बैठक में तीर्थयात्रियों के यातायात से निपटने के लिए एनसीआर, एनईआर और एनआर के कुल नौ स्टेशनों की योजना बनाई गई है। उन्होंने उत्तर रेलवे मुख्यालय बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में उत्तर रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधकों और संबंधित मंडलों के डीआरएम के साथ आगामी कुंभ मेले की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने जानकारी दी कि तीर्थयात्रियों के आवागमन से निपटने के लिए, कुंभ, जनवरी - 2025 के छह मुख्य स्नान दिवसों पर तीर्थयात्रियों की निकासी के लिए 800 से अधिक मेला विशेष ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। तीर्थयात्रियों के यातायात से निपटने के लिए एनसीआर, एनईआर और एनआर के नौ स्टेशनों की योजना बनाई गई है। 15 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद जताई गई।




### गीता प्रेस के 100 वर्ष पुरे होने पर संस्कृति मंत्रालय ने की घोषणा

## गीता प्रेस को मिलेगा 2021 का गांधी शांति पुरस्कार

केटी न्यूज/गोरखपुर

साल 2021 का गांधी शांति पुरस्कार धर्म, संस्कृति और परंपरा को समेटे गीता प्रेस, गोरखपुर को दिया जाएगा। गांधी शांति पुरस्कार महात्मा गांधी द्वारा स्थापित आदर्शों को श्रद्धांजलि के रूप में 1995 में भारत सरकार द्वारा स्थापित एक वार्षिक पुरस्कार है। संस्कृति मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली जूरी ने सर्वसम्मति से गीता प्रेस, गोरखपुर को गांधी शांति पुरस्कार के रूप में चुनने का फैसला किया।

इसी साल गीता प्रेस ने 100 वर्ष पूरे किए हैं। बता दें कि गीता प्रेस की स्थापना करने वाले चूरू राजस्थान के रहने वाले जयदयालजी



गोयंदका (सेठजी) गीता-पाठ, प्रवचन में बहुत रुचि लेते थे। व्यापार के सिलसिले में उनका कोलकाता आना-जाना होता रहता था। वहां वह दुकान कि गद्दियों में भी सत्संग किया करते थे। धीरे-धीरे सत्संगियों की संख्या इतनी बढ़ गई कि जगह की समस्या खड़ी होने लगी। इसपर उन्होंने कोलकाता में बिड़ला परिवार के एक गोदाम को किराए पर लिया और उसका नाम रखा गोविंद भवन।

गीता प्रेस के प्रबंधक डॉ लाल मणि त्रिपाठी के मुताबिक, कोलकाता में वणिक प्रेस के संचालक की टिप्पणी को जयदयाल जी गोयंदका ने ईश्वर का संदेश माना। मदद की गोरखपुर के साहबगंज निवासी सेठ घनश्यामदास और महावीर प्रसाद पोद्दार ने। 10 रुपये महीने के किराए पर हिन्दी बाजार में 29 अप्रैल 1923 में प्रेस की स्थापना हुई। जरूरत के साथ 1926 में वर्तमान गीताप्रेस की जमीन खरीदी गई जो दो लाख वर्ग फिट में है।

## खबरें फटाफट

### करंट लगने से युवती की हुई मौत

**जहानाबाद।** मखदुमपुर प्रखंड के विसुनगंज ओपी क्षेत्र के प्रभात नगर गांव में पंखे का तार बिजली के बोर्ड में लगाने के दौरान एक युवती करंट की चपेट में आ गए, जिससे उसकी मौत हो गई। मृत युवती प्रभात नगर निवासी कौशल्या कुमारी 22 वर्ष बताई जाती है। जानकारी के अनुसार कौशल्या घर में अकेली थी और पंखा चलाने के उद्देश्य से पंखे का तार बिजली के बोर्ड में लगा रही थी। तभी एक तार बोर्ड से बाहर निकल गया और युवती बिजली की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर विसुनगंज ओपी की पुलिस युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

### अधेड़ कहार की करंट लगने से मौत

**आरा।** भोजपुर के बिहिया थाना क्षेत्र के झौवां गांव के बधार स्थित निमिया मंदिर के पास करंट से एक डोली उठाने गये एक अधेड़ की मौत हो गई। रास्ते में प्यास बुझाने चापाकल पर जाने दौरान वह टूट कर गिरे करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गए। मृत बुजुर्ग बिहिया थाना क्षेत्र के खरौनी गांव निवासी स्व.चांद गोविंद राम के 58 वर्षीय पुत्र वजनु राम थे। वह शादी-विवाह में कहार के रूप में डोली उठाने का काम करते थे। वह शनिवार की दोपहर ही घर से बारात जाने निकले थे। रविवार की सुबह उनका शव बरामद किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उनके बेटे दशरथ राम ने बताया कि वह शादी-विवाह में कहार के रूप में डोली उठाने का काम करते थे। शनिवार दोपहर वह डोली उठाने बरजा गांव जा रहे थे। उस दौरान रास्ते में उन्हें प्यास लगी, तो झौवां बधार स्थित भीम पट्टी निमिया मंदिर के समीप वह पानी पीने गए थे। वहां पहले से ही बिजली का तार टूटकर गिरा था। आंख से कम दिखाई पड़ने के कारण वह तार नहीं देख सके। उस कारण पानी पीने के दौरान वह उस करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गए। उससे उसकी मौत हो गई।

### लू से वृद्ध महिला की मौत

**सासाराम।** रविवार को डेहरी में एक वृद्धा की मौत लू लगने से हो गई। रविवार दोपहर एक वृद्ध महिला और उसकी बहन डेहरी बस पड़ाव पर उतरे पर बस से उतरने के बाद वृद्ध महिला की तबीयत अचानक खराब हो गई। स्थानीय दुकानदारों की मदद से उसे निजी क्लिनिक में ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। महिला का इलाज करने वाले डॉक्टर राजीव कुमार के अनुसार मृत्यु का कारण लू लगना था। वृद्ध महिला की आयु 80 साल थी। स्थानीय व्यवसायियों ने फोन से परिजनों की सूचना देते हुए स्वयं सहायता से निजी व्यवसायिक एम्बुलेंस से शव को उनके घर भेज दिया गया।पिछले कुछ दिनों से हीट वेब जानलेवा साबित हो रहा है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सेवा की रीढ़ माने जाते हैं ग्रामीण चिकित्सक : डॉ. प्रेमचंद

- सिमरी के ग्रामीणों चिकित्सकों को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत किया गया प्रशिक्षित
- टीबी के लक्षणों की पहचान, रेफर आदि के संबंध में दी गई जानकारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में व्यापक स्तर पर अभियान चलाए जा रहे हैं। जिला से लेकर पंचायत स्तर तक टीबी उन्मूलन की दिशा में काम किया जा रहा है। ताकि, 2025 तक बक्सर जिले से टीबी को पूरी तरह से मुक्त किया जा सके। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अब ग्रामीण चिकित्सकों को भी अभियान में शामिल किया जा रहा है। ग्रामीण चिकित्सकों को टीबी के लक्षणों की पहचान, रेफर करने, प्रोत्साहन राशि और मरीजों के फॉलोअप की जानकारी दी जा रही है। जिससे उनका क्षमतावर्धन हो और वो टीबी मुक्त अभियान में अपना योगदान दे सकें। इस क्रम में बीते दिन जिले के सिमरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड अंतर्गत ग्रामीण चिकित्सकों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।



**मरीजों को जांच केंद्र तक भेजने में करें सहयोग :** प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रेमचंद प्रसाद ने कहा ग्रामीण चिकित्सक ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सेवा की रीढ़ माने जाते हैं। इनके पास ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश रोगी पहुंचते हैं, इसलिए चिकित्सकों से आग्रह किया गया कि उनके संज्ञान में आने के बाद टीबी के लक्षण वाले सभी रोगियों को निकटतम जांच केंद्र तक भेजने में सहयोग करें। ग्रामीण चिकित्सक अपने इलाके की आशा कार्यकर्ता के साथ भी समन्वय स्थापित कर संभावित रोगियों की पहचान कर उनकी जांच कराने में सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि की भी जानकारी दी। बताया कि रेफर किए गए मरीज की जांच में टीबी की पुष्टि होने पर सूचक के रूप में ग्रामीण चिकित्सकों को 500 रुपए दिए जाएंगे।

**ज्यादा समय से खांसी हो तो इसे नजरअंदाज न करें :** प्रशिक्षण में एसटीएलएस बबलू कुमार ने बताया, टीबी एक संक्रामक रोग है जो हवा और सांस से फैलता है। जब कोई टीबी का मरीज खांसता या छींकता है तो उससे निकलने वाले कणों के संपर्क में आने से टीबी हो सकता है। टीबी से संक्रमित एक मरीज 10 से अधिक लोगों को संक्रमित कर सकता है। उन्होंने बताया कि टीबी उन्मूलन की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण विषय है इस बीमारी के लक्षणों की पहचान। टीबी का एक प्रमुख लक्षण है खांसी। अगर किसी को तीन हफ्ते से ज्यादा समय से खांसी हो तो इसे नजरअंदाज न करें। साथ ही, खांसी में खून आना, सीने में दर्द या सांस लेने और खांसने में दर्द होना, लगातार वजन कम होना, चक्कर आना, रात में पसीना आना, ठंड लगना व भूख न लगना इसके लक्षण हैं। प्रशिक्षण में बीएचएम संजीव रंजन, बीसीएम विनोद कुमार, एसटीएस पिंकी कुमारी व ग्रामीण चिकित्सक मौजूद रहे।

> "'जिले को टीबी मुक्त बनाने में विभाग का कार्य सराहनीय है। अब इस अभियान से जुड़कर ग्रामीण चिकित्सक भी अपना सामाजिक दायित्व पूरा करेंगे और टीबी मुक्त जिला बनाने में सहयोग करेंगे। पहले टीबी को लेकर जागरूकता की कमी थी। लोग इसे विभिन्न मिथकों के रूप में देखते थे। लेकिन अब इस बीमारी की मुकम्मल इलाज है। इसलिए टीबी के संबंध में सभी जानकारी जन-जन तक पहुंचाना जरूरी है।'
>
> *– सुभाष चंद्र, ग्रामीण चिकित्सक, सिमरी*

## हत्या का आरोप: बिना कफन दिये अर्थी पर बांधा जा रहा था महिला का शव

# शादी के एक साल बाद विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत, घर में मिला शव

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुलौर गांव में रविवार की सुबह एक विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। उसकी गर्दन में रस्सी बंधी हुई थी। मृतका दुलौर गांव निवासी कंचन पंडित की 24 वषीर्या पत्नी लालमती देवी थी। उसकी पिछले साल ही जून माह में शादी हुई थी। मौत का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। मायके वाले हत्या की आशंका जता रहे हैं। हालांकि ससुराल वालों सहित किसी पर कोई आरोप नहीं लगा रहे हैं। वहीं ससुराल वाले खुदकुशी करने की बात कह रहे हैं, लेकिन कारण नहीं बता रहे हैं। इधर, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया। कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र के सोनाव गांव निवासी लालमती देवी के पिता श्रीराम प्रजापति ने बताया कि उनकी बेटी की शादी पिछले साल जून माह में दुलौर गांव निवासी कंचन पंडित से हुई थी। सब कुछ ठीक चल रहा था। रविवार की सुबह अचानक सूचना मिली कि लीलावती ने फांसी लगा ली है। वहीं विवाहिता के जेठ ने बताया कि घर में कोई झगड़ा या विवाद नहीं हुआ था। रविवार की सुबह वह काम पर गया था। घर पर माता-पिता और भाई व भावज थे। इसी बीच परिवार वालों द्वारा फोन कर सूचना दी गई कि भाई की पत्नी ने छत पर फांसी लगा खुदकुशी कर ली है। पुलिस की मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट में फांसी लगने से ही महिला की मौत होने की आशंका जताई गई है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। वैसे पुलिस फिलहाल खुदकुशी व हत्या, दोनों एंगल से जांच कर रही है।





**पहुंचे पिता, तो बेटी के शव को जलाने की हो रही थी तैयारी:** कुदरा थाना क्षेत्र के सोनाव गांव निवासी श्रीराम प्रजापति ने बताया कि बेटी लीलावती से उनकी पत्नी की अक्सर बात होती थी। दो दिन पहले भी दोनों के बीच फोन से बात हुई थी। तब उनकी बेटी द्वारा किसी प्रकार कोई शिकायत नहीं की गयी थी। रविवार की सुबह उसके ससुराल वालों द्वारा सूचना दी गयी कि लीलावती ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलने पर वह दुलौर गांव पहुंचे, तो देखा कि उसके ससुराल वालों द्वारा बिना कफन दिये उसे अर्थी पर बांधा जा रहा था। उसे जलाने के लिए ले जाने की तैयारी की जा रही है। इसी के चलते सभी को हत्या किए जाने का संदेह हो रहा है। फिर उनके द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी। बताया जा रहा है कि लीलावती देवी तीन बहन और एक भाई में सबसे बड़ी थी। उसके परिवार में मां प्रभा देवी, बहन पार्वती, आरती और भाई पार्थ है। घटना के बाद लीलावती के घर कोहराम मच गया है।

### सड़क हादसे में किसान की मौत

**आरा।** भोजपुर के पवना थाना क्षेत्र के रन्नी मोड़ स्थित मुर्गी फार्म के समीप रविवार की दोपहर अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार अधेड़ किसान को रौंद दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक पवना गांव निवासी भभीक्षण राम का 50 वर्षीय पुत्र रामेश्वर राम था। मृतक के पुत्र रामधारी राम ने बताया कि वह रविवार की सुबह सब्जी खरीदने साइकिल से गड़हनी थाना क्षेत्र के असलान गांव गए थे। रविवार की दोपहर वह सब्जी लेकर साइकिल से अपने गांव लौट रहे थे। उसी दौरान रन्नी मोड़ स्थित मुर्गी फार्म के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। उससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर वे लोग घटनास्थल पहुंचे। पुलिस भी पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया। बताया जाता है कि मृतक को आठ बेटी और दो बेटे हैं। उनकी पत्नी कुसमी देवी की छह वर्ष पूर्व बीमारी के कारण मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है।

## एक नजर

### काको प्रखंड में गायत्री परिवार की ओर से चलाया गया पौधारोपण अभियान



**जहानाबाद।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के द्वारा लगातार 107वें रविवार को साप्ताहिक पौधारोपण किया गया। इस दौरान काको प्रखंड के उत्तर सेरथू गांव स्थित शिवम वर्ल्ड स्कूल के प्रांगण में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रखंड प्रमुख को चादर एवं सद्साहित्य देकर सम्मानित किया गया। पौधारोपण के पूर्व गायत्री मंत्र का सस्वर उच्चारण किया गया। इस दौरान काको प्रखंड प्रमुख उषा कुमारी ने कहा कि वर्तमान समय में मौसम में जो परिवर्तन दिख रहा है वह पर्यावरण के असंतुलन का प्रभाव है। अगर समय रहते पेड़ों को नहीं बचाया गया तो हर तरफ हाहाकार मच जाएगा तथा मनुष्य एवं जीव-जंतुओं का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा, इसलिए हम सभी को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना चाहिए। वृक्षारोपण समय की माँग है। यह युग धर्म है। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि पर्यावरण को बचाने के लिए वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने उम्मीद जताई कि गायत्री परिवार के द्वारा चलाया जा रहा वृक्षारोपण अभियान जिले को हरा-भरा बनाने में मददगार साबित होगा। इस अवसर पर रंगेश कुमार, बचन देव कुमार, कुमार श्रीकांत, श्यामनारायण कुमार, हरिजी, कौशल कुमार, रंगनाथ शर्मा, शंकर कुमार, भारती जी, नीतीश कुमार, गोपी कृष्ण, स्वाति कुमारी, विनोद कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### जहानाबाद के मानस इंटरनेशनल के आदित्य ने हासिल की जेईई एडवांस में सफलता

**जहानाबाद।** आईआईटी गुवाहाटी ने जेईई एडवांस परीक्षा 2023 का रिजल्ट 18 जून को घोषित कर दिया है। सूची में काको थाना के भेलावर गांव निवासी राजीव रंजन के पुत्र आदित्य रंजन का नाम भी शामिल है। वह मानस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल दक्षिणी का छात्र है। स्कूल परिसर में इस सफलता से खुशी का माहौल कायम है। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन डॉ अरुण कुमार सिन्हा ने कहा कि आदित्य इस स्कूल में वर्ग प्रथम से वर्ग 12वीं तक का नियमित छात्र रहा है। वह हमेशा वर्ग में प्रथम आता था। वह 12वीं वर्ग में जिले का द्वितीय टॉपर भी रहा था। जेईई एडवांस में अच्छे रैंक से उत्तीर्णता के लिए हम लोगों को उस पर नाज है। आदित्य ने अपनी सफलता का मंत्र साझा करते हुए बताया कि मैं जो भी करता हूं रूचि लेकर करता हूं। वह चाहे पढ़ाई हो या फिर कुछ और। मेरा विजन स्पष्ट है कि मैं आगे चलकर यूपीएससी की परीक्षा में उत्तीर्ण होकर देश की सेवा करना चाहता हूं। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक निशांत रंजन ने कहा कि आदित्य मेरे स्कूल का एक मेधावी एवं अनुशासित छात्र रहा है। इसके पिता राजीव रंजन मेरे स्कूल में गणित के शिक्षक भी हैं। इस अवसर पर स्कूल के मृत्युंजय कुमार, रणधीर कुमार, राकेश कुमार, अनुराग कुमार, विनय कुमार, योगेंद्र कुमार, शिवनाथ कुमार, रंगनाथ कश्यप, एस के पांडे, जितेंद्र कुमार, अंकित कुमार, पंकज कुमार, डॉक्टर रामप्रवेश शर्मा, राजेश कुमार, प्रवीण शंकर सहित अन्य ने आदित्य की सफलता पर खुशी जाहिर की।



### भाजपा में पिछड़ों की स्थिति हाथी के दांत जैसी: गोपाल शर्मा

**जहानाबाद।** हाल के दिनों में भाजपा पर लगातार हमलावर रहे कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने एक बार फिर आवाज बुलंद की है। इस बार उन्होंने भाजपा द्वारा की जा रही नव पिछड़ावाद की राजनीति को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दिखाने के लिए तो प्रदेश से लेकर जिले तक में पिछड़ों को अध्यक्ष बनाया, लेकिन उनकी पार्टी के अंदर उनकी हैसियत हाथी के दांत से ज्यादा कुछ भी नहीं है। कहने को तो जहानाबाद में भाजपा ने एक पिछड़े को जिलाध्यक्ष बनाया है, लेकिन उनकी हैसियत पार्टी के अंदर सिर्फ इतनी भर है कि वो न तो मंच पर बोल सकते हैं और न ही बैठक में। ऐसा नहीं है कि वे मूक-बधिर हैं या फिर उन्हें बोलने नहीं आता। बल्कि हालात ऐसे हैं कि पार्टी के अंदर उनकी हैसियत एक दायरे तक सीमित कर दी गयी है और उन्हें बोलने ही नहीं दिया जाता। दरअसल , भाजपा में तो पूर्व से ही एक से बढ़कर एक मठाधीश कुंडली मारे बैठे हैं। फिर वहां पिछड़ों की क्या बिसात कि वो उस संगठन के अंदर के कॉकस को तोड़ सके। साफ है कि भाजपा में वो अपमान का घूंट पीकर भी पद की लालसा में या कुछ पद पाकर पार्टी के अंदर दर्री-कुर्सी बिछाने को मजबूर हैं। और पार्टी यह दिखाने की कोशिश कर रही है कि हम पिछड़ों को सम्मान दे रहे हैं। इधर, पार्टी के प्रवक्ता अशोक कुमार प्रियदर्शी ने कहा कि भाजपा के इस फरेब की राजनीति को सब लोग भली-भांति देख रहे हैं। लिहाजा, वक्त आने पर जनता भाजपा द्वारा की जा रही इस जालसाजी और फरेब का चुन-चुन कर हिसाब लेगी।



## पत्नी से मिलने जा रहे शख्स की सड़क दुघर्टना में मौत, चार की हालत गंभीर

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

रविवार की सुबह पटना-गया 83 पर स्थित काफरपुर पेट्रोल पंप के समीप एक कार और सब्जी से लदे पिकअप वैन में सीधी टक्कर हो गई। इस हादमें एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि 4 लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान मोदनगंज प्रखंड के देवरा गांव निवासी अशोक शर्मा के रूप में हुई। घायलों में निशा कुमारी, अंशिका रंजन, आयुष रंजन एवं आदित्य रंजन शामिल हैं। जानकारी के अनुसार देवरा गांव निवासी अशोक शर्मा जहानाबाद के गांधी मैदान के समीप रहते हैं। वे अपनी कार से अपनी साली एवं बच्चे के साथ पत्नी से मिलने रांची जा रहे थे। तभी काफरपुर पेट्रोल पंप के समीप गया की तरफ से सब्जी लेकर आ रहे पिकअप वैन से उनकी कार की सीधी टक्कर हो गई। इस हादसे में कार चला रहे अशोक शर्मा की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल निशा कुमारी को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया। वहीं घटना के बाद उमता धरनई ओपी की पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। ओपी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस ने घटना में शामिल वाहन को जब्त कर लिया है।



## गर्मी का कहर: कचरा चुनने निकला युवक छटपटाकर सड़क पर गिरा, मौत

- शहर के नवादा मोहल्ले का रहने वाला था युवक
- गर्मी के कारण सड़क पर गिर छटपटाने लगा युवक, अस्पताल ले जाने के दौरान गई जान

**केटी न्यूज/आरा**

शहर के नवादा मोहल्ले में रविवार की दोपहर अचानक तबीयत खराब होने से कचरा चुनने गये युवक की मौत हो गयी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृत युवक नवादा मोहल्ला निवासी गोरख राम का 25 वर्षीय पुत्र कल्लू राम था। मौत का कारण भीषण गर्मी और लू बताया जा रहा है। उसके पिता गोरख राम ने बताया कि उनका परिवार कचरा चुनने का काम करता है।

रविवार की दोपहर उनका बेटा कल्लू राम कचरा चुनने के लिए निजी होटल की ओर गया था। वहां सड़क किनारे वह अचानक गिर पड़ा और छटपटाने लगा। स्थानीय लोगों की सूचना पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उसे आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराये शव लेकर चले गए। उसके पिता गोरख राम ने अत्यधिक गर्मी होने के कारण अपने बेटे की मौत होने की आशंका जताई है। बताया जा रहा है कि युवक अपने तीन भाई और दो बहनों में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां सीता देवी, तीन भाई राहुल, रोहित, पवन व दो पुत्री निशा एवं मनीषा है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। बता दें कि भोजपुर में इन दिनों हीट स्ट्रोक चल रहा है। इसकी चपेट में आने से रोज लोगों की जान जा रही है। महज चार दिनों में जिले में कम से कम दर्जन भर लोगों की मौत गर्मी और उससे जुड़ी बीमारियों की वजह से हो चुकी है।



## नाईट ब्लड सर्वे के उपरांत ही जिलों के प्रखण्डों में 10 अगस्त से चलेगा एमडीए राउंड

# राज्य के 14 जिलों में पहली बार होगा प्रखंड स्तरीय नाईट ब्लड सर्वे

**केटी न्यूज/पटना**

फाइलेरिया उन्मूलन के उद्देश्य से राज्य के 14 जिलों के लगभग 250 प्रखंडों में पहली बार प्रखंड स्तरीय नाईट ब्लड सर्वे किया जाएगा. जिसमें पटना, नालंदा, भोजपुर, रोहतास, बक्सर, पूर्णिया, अररिया, किशनगंज, नवादा, लखीसराय, समस्तीपुर, मधेपुरा, दरभंगा एवं मधुबनी जिला शामिल है। नाईट ब्लड सर्वे के संपन्न होने के बाद ही इन्हीं 14 जिलों के चयनित प्रखण्डों में 10 अगस्त से एमडीए राउंड संचालित होगा। किसी भी क्षेत्र में माइक्रो फाइलेरिया के प्रसार की दर को जानने के लिए नाईट ब्लड सर्वे की गतिविधि संपादित की जाती है, जिसमें रात्रि 8:30 के बाद ही रक्त के नमूने को लेकर उसका परीक्षण किया जाता है। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण विभाग ने फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में एक नई रणनीति को शामिल किया है और इसी रणनीति के तहत साल में दो बार 10 फरवरी एवं 10 अगस्त को देशभर में एक साथ एमडीए राउंड चलाने का निर्णय लिया गया था। देश की फाइलेरिया उन्मूलन की प्रतिबद्धता इस बात से भी उजागर होती है कि अब फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को 2030 से घटाकर 2027 कर दिया गया है।



**प्रखंड स्तरीय रणनीति साबित कारगर :** एमडीए राउंड की सफलता के लिए प्रखंड स्तर के स्वास्थ्यकर्मियों का तकनीकी प्रशिक्षण एवं निरंतर संवेदीकरण जरुरी है और इसे ही ध्यान में रखते हुए एमडीए राउंड से पूर्ण प्रखंड स्तरीय रणनीति पर जोर दिया जा रहा है। इस क्रम में प्रखंड स्तर पर फाइलेरिया क्लीनिक का निर्माण, प्रखंड स्तर पर नाईट ब्लड सर्वे एवं एमडीए के दौरान इवनिंग मीटिंग पर भी जोर दिया जा रहा है। इसी वर्ष 10 फरवरी से शुरू हुए एमडीए राउंड के पहले राज्य के 24 जिलों के 350 प्रखंडों में माइक्रो फाइलेरिया प्रसार दर को जानने के लिए नाईट ब्लड सर्वे का आयोजन किया गया। जिसमें 39 प्रखंडों में माइक्रो फाइलेरिया दर 1 प्रतिशत से कम पाई गयी जिसका आशय यह है कि इन प्रखंडों में अब फाइलेरिया प्रसार न्यूनतम स्तर पर आ गया है और यहां पर एमडीए राउंड नहीं करना पड़ा।

**राज्य में हाथीपांव के 1,27,201 एवं हाइड्रोसील के 17,486 मामले प्रतिवेदित :** अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी कार्यालय में पदस्थ राज्य सलाहकार, फाइलेरिया डॉ. अनुज सिंह रावत ने बताया कि राज्य के सभी 38 जिलें फाइलेरिया से प्रभावित हैं। राज्य में दिसम्बर, 2022 तक हाथीपांव के 1,27,201 एवं हाइड्रोसील के 17,486 मामले प्रतिवेदित हैं। वहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व के 72 देशों में 85.9 करोड़ आबादी फाइलेरिया के खतरे में हैं। विश्व भर में फाइलेरिया दीर्घकालीक विकलांगता का दूसरा प्रमुख कारण है। डॉ. रावत ने बताया कि बिहार में वर्ष 2004 से ही एमडीए राउंड चलाया जा रहा है। परंतु 2023 में पहली बार इसे प्रखण्ड स्तर पर संपादित किया जा रहा है. जबकि इससे पहले यह जिला स्तर से संपादित किया जाता था। फाइलेरिया के प्रसार को रोकने के लिए ही एमडीए राउंड चलाया जाता है. इसीलिए इसे प्रिवेंटिव कीमोथेरेपी भी कहा जाता है।

## खबरें फटाफट

### महिला के साथ अश्लील हरकत

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के एक गांव में सोयी अवस्था में एक महिला के साथ अश्लील हरकत किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। जब महिला ने शोरगुल मचाया तो आरोपी सहित उसके दोनों बेटों ने लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि दस दिन पूर्व पति रोजी-रोटी को लेकर हैदराबाद कमाने चले गये। घर पर अकेले रहने के कारण आरोपियों की नजर गलत रहती थी। मैं रात को खाना खाकर अपने बच्चों के साथ घर के आंगन में सोयी थी। इसी दौरान रामाशंकर यादव घर मे घुस आया और मेरे साथ अश्लील हरकत करने लगा। जब मैं शोरगुल मचाने लगी तो साधु यादव और अमरजीत को बुलाकर लाठी-डंडे से मेरी पिटाई करा दी। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि पीड़िता के आवेदन पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है।

### घर से निकली किशोरी का अपहरण

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के एक गांव से 14 वर्षीय किशोरी का अपहरण किये जाने के मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में किशोरी के परिजनों ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर रूपेश महतो और अमरनाथ कुशवाहा नामक युवकों पर नामजद मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुट गयी है। परिजनों ने दिये गये आवेदन में बताया है कि किशोरी शाम सात बजे अपने घर से बाहर निकली थी। इसी दौरान दोनों नामजदों ने अपहरण कर लिया। मामले की जानकारी मिलते ही नामजदों के घर पूछताछ करने गये तो उनके परिजनों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है।

### प्रखंड अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**केसठ।** पंकज कुमार सिंह को राष्ट्रीय लोक जनता दल का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वे केसठ गांव के निवासी हैं। प्रखंड अध्यक्ष बनने पर क्षेत्र समिति जिले के कार्यकताओं में काफी खुशी की लहर व्याप्त है। वही कार्यकताओं ने कहा कि उनके प्रखंड अध्यक्ष पर चयन किए जाने से जिले समेत प्रदेश में पार्टी मजबूत होगी और जनाधार बढ़ेगा। वही उन्होंने कहा की पार्टी ने मुझे जिस विश्वास से अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया है। मैं उनका विश्वास नहीं तोड़ूंगा इमानदारी पूर्वक पार्टी और जनता के लिए कार्य करता रहूंगा।

### लू लगने से मनरेगा मजदूर की मौत

राजपुर। थाना क्षेत्र के खीरी पंचायत में काम के दौरान 60 वर्षीय मनरेगा मजदूर सुदर्शन साह की लू लगने से मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार पंचायत के खीरी पुल के नहर से मुख्य पथ तक करहा का सफाई का काम चल रहा था। तभी सुबह 11.00 बजे के लगभग अचानक सुदर्शन की तबीयत खराब हो गई। जिसके बाद मजदूरों को जानकारी देते हुए वह घर के लिए चल पड़ा। लेकिन रास्ते में वो आराम करने के लिए बैठा। लेकिन इसी दौरान उसकी मौत हो गयी।

# सीसीटीवी से होगी डुमरांव की निगरानी, 10 जगहों पर लगाए जाएंगे कैमरे

❐ प्राथमिकता सूची में शामिल की गई लोगों की सुरक्षा

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शहर की सुरक्षा व असामाजिक तत्वों पर नजर रखने को लेकर चिन्हित जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की योजना जल्दी ही मूर्त रूप लेगी। नव निर्वाचित मुख्य पार्षद सुनीता गुप्ता तथा पार्षदों ने इसे जरूरी बताते हुए न सिर्फ इसके प्रति दिलचस्पी दिखाई है बल्कि पहली ही बोर्ड की बैठक में ही इस महत्वपूर्ण कार्ययोजना पर मुहर लगाने की तैयारी चल रही है। बल्कि यूं कहे कि नगर परिषद के नवनिर्वाचित पार्षदों ने सीसीटीवी कैमरा लगाने पर मंथन शुरू भी कर दिया है। जिससे इस बात की उम्मीद बढ़ी है कि जल्द ही शहर के विभिन्न चौक चौराहे सीसीटीवी कैमरे से लैस होंगे तथा चोर, उचक्कों, पॉकेटमारों, बाइक चोरों, शरारती तत्वों तथा मनचलों पर लगाम लगाने में पुलिस को बड़ी सहूलियत मिलेगी। बता दें कि यह कार्ययोजना विगत चार वर्षों से नप की फाइल में धूल फांक रही थी। इस योजना पर नगर परिषद प्रशासन उदासीन बना रहा, जबकि इस योजना से शहर की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को आसानी से कानूनी शिकंजे में जकड़ा जा सकता है। नप सूत्रों की मानें तो सीसीटीवी लगाने के लिए शहर के 10 जगहों को चिन्हित किया गया है। जिसमें बस स्टैंड, अस्पताल मोड़, गोला रोड, शहीद गेट, शहीद स्मारक, नया थाना, मुख्य चौक, शीला सिनेमा, शक्ति द्वार, छठिया पोखरा आदि जगह शामिल हैं। पूर्व में वार्ड पार्षदों ने बैठक के दौरान इस कार्ययोजना को पूरा करने के लिए पुरजोर वकालत की थी। इसके साथ ही कई पार्षदों ने भी इसे धरातल पर उतारने के लिए नप प्रशासन की जमकर खिंचाई की थी। शहर के मुख्य बाजारों व चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लागये जाने से शहर की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों की पहचान आसानी से की जा सकती है। यह कैमरा दिन और रात निगरानी करेगा। ऐसी स्थिति में असमाजिक तत्व अपने मंसूबे में कामयाब नही हो सकेंगे। खासकर इस सुविधा से पुलिस-प्रशासन को भी राहत मिलेगी और अपराधियों की पहचान आसानी से होने की संभावना बढ़ जायेगी।

**सुरक्षा में है महत्वपूर्ण भूमिका:** सुरक्षा प्रदान करने का सबसे लोकप्रिय और प्रभावी तरीका है सीसीटीवी कैमरा। सीसीटीवी कैमरें चोरों के लिए एक बहुत ही सफल प्रतिबंध के रूप में कार्य कर सकते हैं, या निश्चित रूप से वे चोरों को कम से कम दो बार तो सोचने पर मजबूर करते है। सीसीटीवी फुटेज को साधारण टीवी या कंप्यूटर में भी देखा जा सकता है। इस आधुनिक युग में सिक्युरिटी को गंभीरता से लेने के लिए आवश्यकता है। सिक्युरिटी की जरूरत सिर्फ बिजनेस और कमर्शियल के लिए नहीं है, बल्कि यह हमारे घर के लिए भी है। आम जगहों पर अपराध और चोरी के जैसी घटनाओं पर लगाम लगाने में यह बहुत महत्वपूर्ण हो गया हैं।

> “ जल्द लागू होगी कार्ययोजना शहर में सीसीटीवी कैमरा लगाने की कार्ययोजना के प्रस्ताव को सदन की पहली बैठक में ही लाया जायेगा। शहर की सुरक्षा को लेकर यह अनिवार्य है। इस पर मंथन का दौर जारी है। आम सहमति से इस पर मुहर लगायी जायेगी।
>
> *- सुमित गुप्ता, प्रतिनिधि, नवनिर्वाचित चेयरमैन।*

## कसिया के 21 वर्षीय सुशील की छह दिन पहले मलेशिया में हुई थी मौत

# मलेशिया से सुशील के शव आने की जगी उम्मीद, डीएम से मिलेंगे पीड़ित के परिजन

■ मीडिया से बातचीत के दौरान डीएम ने हर संभव मदद का दिया भरोसा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मलेशिया में इलाज के दौरान कसिया के भिखारी साह के 21 वर्षीय पुत्र सुशील कुमार की मौत हो गई है। घटना के छह दिनों बाद भी कंपनी वाले शव भेजने में उदासीन बने हुए है। इधर मीडिया से बातचीत के दौरान बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल ने इस मामले को अपने संज्ञान में लिया है। डीएम ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद के आश्वासन के साथ ही शव को मलेशिया से लाने में सहयोग का आश्वासन दिया है।

यही नहीं डीएम ने सोमवार को पीड़ित परिजनों को बुलवाया भी है और कहा कि उनसे घटना की जानकारी लेने के बाद इस मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी। जिससे कि उसका शव मलेशिया से पैतृक गांव तक आ सके। डीएम के इस पहल के बाद अब सुशील के परिजनों को इस बात की उम्मीद जगी है कि मौत के बाद बेटे के शव का अंतिम दर्शन हो सकेगा। हालांकि घटना के छह दिन बाद भी मलेशिया से कंपनी वाले शव भेजने की दिशा में कोई पहल नहीं कर सके है। इधर परिवार की माली हालत ऐसी नहीं है कि यहा से शव को अपने खर्चे पर मंगवा सके। लिहाजा जवान बेटे की मौत के बाद उसके अंतिम दर्शन के लिए परिजनों की आंखे पथरा गई है। घटना के बाद से ही उनके आंसू थमने के नाम नहीं ले रहे है। एक तो कमाउ पूत की मौत हो गई दूसरे मरने के बाद भी छह दिनों तक शव के दर्शन नहीं हुए। जिस कारण भिखारी साह का पूरा परिवार टूट सा गया है। लेकिन डीएम के इस पहल के बाद अब उन्हें इस बात की उम्मीद जगी है कि उनके बेटे का शव देखने को मिलेगा।





### परिजनों को इन्तजार: कब कंपनी वाले फोन कर वहां से शव भेजने की बात कहेंगे

सुशील की मौत के बाद परिवार के सामने भविष्य की चुनौतियों के साथ ही उसके शव का अंतिम दर्शन नहीं कर पाने का मलाल साफ दिखाई पड़ रहा है। पिछले छह दिनों से पिता भिखारी साह के अलावे माता मालती देवी, भाई बिरेश साह तथा बहनों की आंखें दरवाजे पर टकटकी लगाए रहती है। हर फोन की घंटी पर उन्हें इस बात का उम्मीद होती हो रही है कि कब कंपनी वाले फोन कर वहां से शव भेजने की बात कहेंगे। लेकिन अबतक ऐसा नहीं हो पाया है। बहरहाल डीएम के इस मामले में संज्ञान लेने के बाद अब परिजनों को इस बात की उम्मीद जगी है कि जल्दी ही उसका शव मलेशिया से आएगा।

**अब पूरी घटना समझिए**

डुमरांव थाना क्षेत्र के कसियां गांव निवासी भिखारी साह का 21 वर्षीय पुत्र सुशील कुमार पिछले साल अपने परिवार की माली हालत सुधारने तथा बहनों की शादी का अरमान लिए रोजी रोटी के लिए सात समंदर पार मलेशिया गया था। वहा वह अच्छी नौकरी कर गाढ़ी कमाई कमा रहा था। जिससे परिवार में खुशी व्याप्त थी। उसके पिता तथा मां को लगा था कि उसके गाढ़ी कमाई से तीन कुंआरी बेटियों की शादी भी आराम से हो जाएगी तथा परिवार को आर्थिक तंगी से निजात मिल जाएगा। लेकिन होनी को कुछ और मंजूर था। 12 जून को काम के दौरान ही उसे तेज बुखार आया, तब कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी उसे इलाज के लिए मलेशिया के कोला पीला अस्पताल में भर्ती कराए, लेकिन इलाज के दौरान ही 13 जून को भारतीय समयानुसार अल सुबह तीन बजे उसकी मौत हो गई। वहां रह रहे गांव के अन्य कामगारों ने युवक के घर पर फोन करके इस मनहूस घटना की जानकारी दी तथा अस्पताल में उसके इलाजरत रहने के दौरान की फोटो भेजा। मौत की सूचना मिलते ही यहां युवक के घर में कोहराम मच गया।



> “ मलेशिया में कामगार के मौत की जानकारी केशव टाइम्स के माध्यम से मिली है। मृतक के परिजनों से घटना की पूरी जानकारी तथा वहा का पता लिया जा रहा है। डेड बॉडी मंगाने की दिशा में प्रयास किया जाएगा तथा पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दी जाएगी।
>
> *- अंशुल अग्रवाल, डीएम, बक्सर।*

## एक नजर

### जिले में आयोजित करायी जाएगी मोईनुल हक फुटबॉल प्रतियोगिता: डॉ. रमेश सिंह



**डुमरांव।** बक्सर में फुटबॉल की चर्चित मोईनुल हक ट्राफी प्रतियोगिता करवाई जाएगी। इसके लिए डिस्ट्रिक लिग से पहले सभी क्लबों के सचिवों की बैठक आयोजित कर रणनीति बनाई जाएगी। उक्त बातें बक्सर जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ. रमेश सिंह ने कही। रविवार को उनकी अध्यक्षता में जिला फुटबॉल संघ की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले में फुटबॉल के खेल को और लोकप्रिय बनाने पर चर्चा की गई तथा डिस्ट्रिक लिग प्रतियोगिता के रजिस्ट्रेशन की तिथियां बढ़ाई गई। तय किया गया कि अब 30 जून तक इस प्रतियोगिता का रजिस्टेज्शन होगा। इच्छुक क्लब व खिलाड़ी 30 जून तक अपना रजिस्टेज्शन करवा सकते है। वही डिस्ट्रिक लिग के अलावे अन्य खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन पर भी चर्चा की गई। फुटबॉल को क्रिकेट से भी लोकप्रिय खेल कैसे बनाया जाए इस बात पर बैठक के दौरान मंथन किया गया। सदस्यों के बीच मोईनल हक प्रतियोगिता के आयोजन पर भी सहमति बनी। अध्यक्ष डा सिंह ने कहा कि इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए जल्दी ही जिलेभर के रजिस्टर्ड क्लबों के सचिवों की एक बैठक आयोजित करवाई जाएगी। जिसमें मोईनुल हक फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन पर चर्चा की जाएगी। बैठक में मंगलेश दूबे, जनार्दन सिंह, मो इरफान, अमरेन्द्र कुमार पांडेय समेत कई अन्य उपस्थित थे।

### स्वच्छ व स्वस्थ्य पर्यावरण के लिए पौधरोपण है जरूरी: डॉ. बी राम

**डुमरांव।** स्वच्छ व स्वस्थ्य पर्यावरण के लिए पौधरोपण जरूरी है। पिछले कुछ दशकों में हमारा पर्यावरण बहुत बिगड़ चुका है, जिसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इस चुनौती से निपटने का एकमात्र उपाय अधिक से अधिक पौधरोपण करना तथा लोगों को इसके लिए जागरूक करना है। उक्त बातें डुमरांव के चर्चित हड्डी रोग विशेषज्ञ डा बी राम ने रविवार को कही। वे डुमरांव के सुमित्रा कॉलेज रोड के ढेलवानी मोड़ स्थित कुमार अथोर्पैडिक मल्टी स्पेस्लीटी क्लिनिक के बाहर पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिए। इस दौरान उन्होंनें अपने हाथों दो छायादार पौधे लगाए तथा उसकी देखभाल की जिम्मेवारी अस्पताल प्रबंधन को दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जिस तरीके से भयंकर गर्मी पड़ रही है तथा जानलेवा लू चल रही है यह भविष्य के खतरे का संकेत हैं। हमे अभी से भी सावधान होकर पेड़ पौधों की संख्या बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। डा राम ने कहा कि पेड़ पौधों की अंधाधूंध कटाई से पर्यावरण में असंतुलन पैदा हो गया है जिसका दुष्परिणाम अब सबके सामने है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि धरती पर जीवन बचाने के लिए हर व्यक्ति अपने हाथों कम से कम एक पौधा लगाए तथा इसकी देखभाल करें। बता दें कि डा राम हड्डी रोग के कुशल चिकित्सक के साथ ही पर्यावरण से गहरी रूचि रखते है। वे अपने मरीजों का इलाज के साथ ही उन्हें संतुलित आहार व नियमित व्यायाम की सलाह भी देते है। मौके पर अस्पताल संचालक जैनुल होदा उर्फ बब्लू समेत अस्पताल के सभी कर्मी मौजूद थे।



### प्रधानमंत्री के मन की बात से जीवन में मिलती है एक नई उर्जा: विन्ध्याचल राय

**डुमरांव।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात करोड़ो देशवासियों में एक नई उर्जा का संचार करती है। लोगों को उनके इस एपिसोड का बेसब्री से इंतजार रहता है। ये बातें भाजपा के प्रांतीय नेता तथा पटना हाई कोर्ट के अधिवक्ता विंध्याचल राय ने रविवार को पीएम के मन की बात सुनने के बाद कही। उन्होंने कहा मन की बात में प्रधानमंत्री द्वारा हर विषयों तथा क्षेत्रों को समाहित कर लोगों को अपने जीवन में अच्छा करने की प्रेरणा दी जा रही है। उनके इस प्रेरणा का समाज में काफी साकारात्मक असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि लोगों में मन की बात सुनने के लिए काफी उत्सुकता रहती है। इसके पहले उन्होंने डुमरांव नगर के नव चयनित भाजपा अध्यक्ष चुनमुन प्रसाद वर्मा, डुमरांव ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सह नंदन पंचायत के पूर्व मुखिया राजीव कुमार उर्फ बब्लू पाठक, नव निर्वाचित वार्ड सदस्य अमर पासवान, भाजपा युवा मोर्चा के जिला प्रवक्ता गोल्डेन पांडेय आदि को अंग वस्त्र व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 9 साल बेमिसाल पर भाजपा द्वारा जारी किए गए बुकलेट को देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी का 9 साल काफी बेमिसाल रहा है। इस दौरान देश ने सभी दिशा में विकास किया है तथा हम फिर से विश्वगुरू बनने की राह पर चल पड़े है। मौके पर पंकज कुमार शक्ति, सोनू राय समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## बिना मेडिकल जांच कराए फर्जी दिव्यांग बन पेंशन उठाने के आरोपी पर कार्रवाई तय

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के रामपुर गांव निवासी प्रमोद कुमार पांडेय पर फर्जीवाड़ा कर दिव्यांग पेंशन का लाभ लेने का मामला प्रकाश में आया था। प्रमोद पांडेय पर आरोप था कि वह वर्ष 2013 से ही दृष्टि बाधित यानि आंख से दिखाई नहीं देने का प्रमाण पत्र के आधार पर दिव्यांगता पेंशन का लाभ ले रहा है। वही प्रमोद कुमार पांडेय के नाम से परिवहन विभाग से ड्राइवरी लाइसेंस निर्गत किया गया है, जो वर्ष 2023 तक वैध है।

हैरानी की बात यह है कि परिवहन विभाग ने आंख से अंधे दिव्यांग पेंशन भोगी को ड्राईवरी लाइसेंस कैसे निर्गत कर दिया। ज्ञात हो कि रामपुर के मुखिया प्रतिनिधि विकास कुमार पांडेय उर्फ बसंत पांडेय द्वारा अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के कार्यालय में परिवाद डाल उसके दिव्यांगता पर सवाल उठाया गया था। जिसके बाद इसकी जांच करने का निर्देश केसठ बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा को दिया गया था। इस संबंध में बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया कि एक जून को पीजीआरओ में सुनवाई हुई। जिसमें मुझे प्रमोद कुमार पांडेय का सिविल सर्जन द्वारा पुनः मेडिकल जांच करा उसकी रिपोर्ट देने को कहा गया था। बीडीओ ने बताया कि प्रमोद पांडेय द्वारा बक्सर सदर अस्पताल में जाने के बाद मेडिकल जांच नहीं करवाया गया। जिससे उस पर लगे आरोपों की पुष्टि हो रही है। बीडीओ ने कहा कि उससे मेडिकल जांच नहीं कराने के संबंध में स्पष्टीकरण पूछा गया है।

## साफ्ट टेनिस में कैरियर बनाने की है अपार संभावनाएं: धर्मवीर कुमार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

साफ्ट टेनिस एक एशियार्ड खेल है। यह भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है तथा इसमें खिलाड़ियों को कैरियर बनाने की अपार संभावनाएं है। उक्त बातें साफ्ट टेनिस एसोसिएशन बिहार के सचिव धर्मवीर कुमार ने रविवार को कही। वे स्थानीय राज हाई स्कूल के खेल मैदान में जिला साफ्ट टेनिस एसोसिएशन के एक दिवसीय कार्यशाल में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने आए थे। उन्होंने कहा कि यह एक नया खेल है तथा कम पैसे तथा सीमित संसाधानों में खेला जा सकता है। इसके लिए बड़े फिल्ड की आवश्यकता भी नहीं है तथा खिलाड़ियों को चोट चपेट की संभावना भी न के बराबर होती है।

साफ्ट टेनिस एसोसिएशन बक्सर के संरक्षक राजीव कुमार ने कह कि जिलेभर में साफ्ट टेनिस को बढ़ावा देने के लिए सघन प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसकी रूपरेखा बनाई जा रही है तथा सितंबर महीने में इसी मैदान पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। मौके पर अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रिंस कुमार, रेफरी अरबिंद किशोर, सागर सिंह, राज सिंह, दीपक कुमार, प्रिंस कुमार, होशियार सिंह सागर व नीतीश कुमार जैसे साफ्ट टेनिस के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के अलाव जिलासचिव सह कोच नमो नारायण मिश्र, सामाजिक कार्यकर्ता शिबू दूबे, नवनीत श्रीवास्तव, विनय कुमार, धनंजय पांडेय, मुखिया सिंह कुशवाहा आदि उपस्थित थे।



## उपभोक्ताओं को आकर्षित कर रहा है कैलाश ऑटो मोबाईल का लोन सह एक्सचेंज मेला

# मेले में पुरानी बाइकों तथा आसान किस्तों पर मिल रही बजाज की गाड़ियां

**केटी न्यूज/बक्सर**

दुपहियां वाहनों की चर्चित कंपनी बजाज ऑटो मोबाईल अपने ग्राहकों के लिए खास ऑफर लेकर आई है। इन दिनों बक्सर के सेंडिगेट स्थित कैलाश ऑटो में लोन एवं एक्सचेंज मेला महोत्सव चल रहा है। जिसमें किसी भी पुरानी बाइक से नयें बाइक का एक्सचेंज तथा आसान किस्तों पर बजाज की गाड़ियां दी जा रही है। यह लोन सह एक्सचेंज मेला 16 जून से 30 जून तक चलेगा जिसमें अपनी मनपसंद मोटरसाइकिल खरीदने का सुनहरा मौका है। लोन महोत्सव में बिना किसी ब्याज के उपभोक्ता अपनी मन पसंद की बाइक ले सकते है। कैलाश ऑटो के प्रोपराईटर अमित ने बताया कि इस मेले में बजाज सिटी 110सीसी, मात्र 999 रुपये, विश्व का सबसे आरामदायक और सुरक्षित बाइक प्लेटिना मात्र 1999 रुपये तथा भारत की नम्बर वन बाइक पल्सर 125 मात्र 2999 रुपये के डाउनपेमेंट में न्यूतम शर्तों पर मिल रही है या पल्सर 150 सीसी न्यूतम डाउन पेमेंट एवं न्यूतम फाइनेंस दर और अधिकतम एक्सचेंज मूल्य के साथ उपलब्ध है। इस लोने मेले में कोई भी पुरानी बाइक एक्सचेंज कर के मात्र आधार कार्ड, वोटर कार्ड और बिजली बिल का फोटो कॉपी दे कर मनपसंद बजाज बाइक को अपनी शान की सवारी बना सकते है। साथ ही 2 साल मुफ्त सर्विस, हर गाड़ी पर 5 साल की वारंटी, 5 साल इंश्योरेंस मिल रहा है। प्रोपराइटर अमित कुमार ने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि जो लोग मोटर साइकिल लेने की सोच रखते है और रुपये की कमी के कारण अभी तक बाइक नहीं ले पाए है हम उनको बजाज की मोटरसाइकिल दे वो भी कोई इनकम प्रूफ और बैंक खाते के इस लिए ये लोन महोत्सव का आयोजन किया गया है। बक्सर जिले के सभी लोगो को हमारे लोने महोत्सव में हम अपने शो रूम में सादर आमंत्रित करते है। बजाज की प्लेटिना बाइक का नया अवतार प्लेटिना 110 एबीएस और पल्सर का नया अवतार एन 160 लोगो के द्वारा खूब पसंद की जा रही है। उन्होंने बताया कि दोनों बाइकों की बिशेषता यह है कि ये अपने सेगमेंट की सबसे अधिक पॉवरफुल, शक्तिशाली और रोड ग्रिप में सर्वश्रेष्ठ है।



# लोगों को परिवार नियोजन के बारे में और जागरूक किए जाने की जरूरत: सीएमओ

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत शहरी स्वास्थ्य समन्वय समिति की बैठक सह कार्यशाला आयोजित

**केटी न्यूज/मऊ**



जीवन में खुशियों के लिए परिवार नियोजन बेहद जरूरी है। इसके लिए हमें समाज में और भी जागरूकता लानी होगी। साथ ही संकल्प दिलाना होगा कि हम परिवार नियोजन को खुशियों का विकल्प बनायेंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के परिवार कल्याण विभाग के तत्वावधान में शहरी स्वास्थ्य समन्वय समिति की हुई त्रैमासिक बैठक व कार्यशाला में इस आशय का निर्णय लिया गया। जिला महिला चिकित्सालय के सभागार में हुई इस बैठक व कार्यशाला की अध्यक्षता अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भैरव कुमार पांडेय ने की। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम प्रबंधक रविन्द्र नाथ, डॉ जावेद अख्तर, डॉ अभिषेक राय, डॉ मो.फैजान तरफदार, डॉ हरीश जायसवाल, बबलू कुमार के साथ फार्मासिस्ट बाला साहब, प्रवीण कुमार, स्टाफ नर्स अंकिता दूबे, शबनम, माया यादव, अंकिता यादव, पुनीता राय, सुनीता उपाध्याय, डूडा, बेसिक शिक्षा, आईसीडीएस, फोग्सी, डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ से रजिया मौजूद रही।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेश अग्रवाल ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके, इसके लिए सभी सरकारी विभागों में आपसी सामंजस्य बहुत ही जरूरी है। सभी के संयुक्त प्रयास से ही समाज के अंतिम व्यक्ति को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। सीएमओ डॉ अग्रवाल ने कहा कि विश्व जनसँख्या दिवस को लेकर यह कार्यशाला और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आगामी 11 जुलाई से 24 जुलाई तक विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का आयोजन होने वाला है। इसके लिए सभी विभागों में आपसी तालमेल रखते हुए इसे सफल बनाने की जरूरत है।

परिवार कल्याण के नोडल डॉ भैरव कुमार पांडेय ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस पखवाड़ा 2023 का थीम है ह्यआजादी के अमृत महोत्सव में हम लें यह संकल्प-परिवार नियोजन को बनाएंगे खुशियों का विकल्पह्व, इस वर्ष की थीम हमारी आजादी के अमृत महोत्सव से प्रेरित है, जिसका मुख्य उद्देश्य है आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर परिवार नियोजन को लोग खुशहाली और समृद्धि के रूप में अपनाएं तथा जनसाधारण को सीमित परिवार के बारे में जागरूक करें।

उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम को रफ्तार देने की जरूरत है। इसलिए इस कार्यक्रम से जुड़े सभी लोगों को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। साथ ही विश्व जनसंख्या पखवाड़े के दौरान हर यूपीएचसी पर समाज के आखिरी व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने पर जोर देना होगा। मंडलीय समन्वयक (आजमगढ़) सुरेश ने बताया कि परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत लक्ष्य निर्धारित कर योजना बनाई जानी चाहिए। उन्होंने इस बारे में अधिकारियों और कर्मचारियों को भी सहयोग करने के लिए कहा।

पीएसआई इंडिया के एजुकेटर केवल सिंह सिसोदिया ने पखवाड़े में आशा एवं आंगनबाड़ी वर्कर को मिलकर कार्य योजना बना विश्व जनसँख्या दिवस से शुरू होने वाले पखवाड़े को सफल बनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से शहरी स्वास्थ्य समन्वयक समिति की जरूरत के बारे में और बढ़ती हुई जनसंख्या से आने वाले समय में किस-किस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, के बारे में बताया।

## सड़क किनारे गड्ढे में मिला होमगार्ड जवान का शव

**बलिया।** जनपद के खेजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत हरिपुर गांव के सामने रविवार की सुबह एक होमगार्ड जवान का शव गड्ढे में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर मिले मोबाइल और अन्य साक्ष्य के आधार पर मृतक की पहचान बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के टकरसन निवासी भरत वर्मा उर्फ राजकुमार ( 50 वर्षीय) के रूप में की। वहीं, घटना से परिवारीजन को अवगत कराने के साथ ही अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर घटना को लेकर इलाके में तरह तरह की चचाएं हो रही हैं।

सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि भरत की सदर एसडीएम के आवास पर नाईट ड्यूटी थी। शाम को वे घर से ड्यूटी जाने के लिए निकले थे। तभी रविवार की सुबह ड्यूटी स्थल से करीब 21 किमी दूर बलिया सिकंदरपुर मार्ग पर एक गड्ढे में शव मिलने की सूचना मिली। मौके पर मिले कुछ साक्ष्य कई सवाल खड़े कर रहे हैं। मसलन साइकिल का ताला बंद होना, एक जूता पैर में तो दूसरा झोले में मिलने के अलावा ड्यूटी स्थल से इतनी दूर शव का मिलना चचाओं को बल दे रहा है, जो जांच का विषय भी है। इस संबंध में एसएचओ बीपी पांडेय ने बताया कि अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह सामने आएगी। हालांकि पुलिस मामले में सभी बिंदुओं पर जांच करेगी। जिसके बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा।

## बलिया जनपद के बांसडीह क्षेत्र में मरने वालों की संख्या सबसे अधिक

# गर्मी का कहर: कोरोना से आगे निकला हीट वेव, आठ दिन में 89 लोगों की मौत

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद में कोरोना ने जितना कोहराम नहीं मचाया था, उससे कहीं ज्यादा हीट वेव मचा रहा है। जी हां, भृगु नगरी में बीते आठ दिनों में 89 लोग काल के गाल में समा गए। कोविड के दौरान इस आंकड़े को कवर करने में लगभग डेढ़ महीने का वक्त लगा था। ऐसे में कहना बिल्कुल गलत नहीं होगा कि कोरोना से हीट वेब आगे निकल गया है।

जनपद में मौत के आंकड़ों पर गौर करें तो जनपद में बीते 11 जून को जहां पांच मौतें हुई हैं। वहीं 12 जून को 7, 13 जून को 8, 14 जून को 14, 15 जून को 23, 16 जून को 21, 17 जून को नौ, 18 जून को 2 मौतें हुईं। इस प्रकार अब तक कुल 89 मौतें हुई हैं। मरने वालों में अधिकांश लोग 60 साल के उपर के बताए जा रहे हैं। वहीं सबसे ज्यादा मौतों की बात करें तो बांसडीह में हुई। यहां अब तक 12 लोग हीट वेब के कारण जान गंवा चुके हैं। वहीं गड़वार ब्लाक में 11 बुजुर्ग काल के गाल में समा गए हैं।

**हीट वेब के सवाल पर चुप्पी साधते नजर आए दोनों निदेशक :** जनपद में लगातार हो रही मौतों का कारण पता लगाने रविवार को निदेशक स्वास्थ्य उत्तर प्रदेश डा. के एन तिवारी एवं निदेशक संचारी डॉ. एके सिंह संयुक्त रूप से जिला अस्पताल पहुंचे। इस दौरान निदेशक द्वय ने मेडिकल वार्ड, इमरजेंसी वार्ड में भर्ती तेज बुखार के मरीजों का स्वयं परीक्षण कर जिला अस्पताल के चिकित्सकों को अवगत कराया कि जो उपचार हो रहा है वह पर्याप्त नहीं है। निदेशकों ने अपने मातहतों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान जब निदेशकों से मीडिया ने सवाल पूछा कि अब तक हुई मौतों का कारण क्या है, तो इस पर जिलाधिकारी की तरह निदेशक द्वय ने भी साफ कह दिया कि मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। लेकिन इतना जरूर है कि मरने वाले सभी 60 वर्ष के उपर के हैं तथा क्रिटिकल रोगों से ग्रसित थे। क्या मौत हीट वेब से हुई है, के सवाल पर निदेशक द्वय पर्दा डालते नजर आए। इस मौके पर निरीक्षण के दौरान सीएमओ डा. जयंत कुमार, प्रभारी सीएमएस डा. एसके यादव, प्रभारी संचारी रोग एके मिश्र, पूर्व सीएमएस डा. दिवाकर सिंह मौजूद रहे।



**तीमारदार बोले हीट वेब से हो रही मौतें, बुजुर्ग पड़ रहे बीमार :** लगातार हो रही मौतों को भले ही स्वास्थ्य महकमा हीट वेब के कारण न मान रहा हो, लेकिन अधिकतर मरीजों के तीमारदरों का कहना है कि गर्मी की वजह से यह हाल है। जिला चिकित्सालय के इमरजेंसी वार्ड में अपनी सास की देखरेख कर रही बेरूआरबारी निवासी कृष्णा तिवारी ने कहा कि मेरी सास को गर्मी की वजह से बेचैनी हुई। बीपी उतर गया और फीवर हाई हो गया। अपने दोस्त की मम्मी की देखभाल में लगे छात्र नेता पन्ने सिंह सनी ने कहा गर्मी की वजह से सांस लेने में दिक्कत हो रही है। वहीं अपने पिता को लेकर जिला चिकित्सालय के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती रूस्तमपुर निवासी राजकुमार ने बताया कि तेज बुखार की वजह से कुछ बोल नहीं पा रहे हैं। सागरपाली निवासी रणजीत सिंह की मां सुशीला सिंह की दो दिन पहले मौत हो गई। रणजीत सिंह की मानें तो अत्यधिक गर्मी के कारण मेरी मां की सांस फूलने लगी थी। हम लोग आनन-फानन अस्पताल ले गए, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

## सच बोल दिया तो डॉ दिवाकर को गंवानी पड़ी सीएमएस की कुर्सी

**तिलक कुमार/बलिया**



जब तक हां में हां और ना में ना मिला रहे थे तो जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ दिवाकर सिंह की खूब वाहवाही हो रही थी। लेकिन लगातार हो रही मौत का कारण हीट वेब क्या बता दिया कि सीएमएस डॉ दिवाकर सिंह को अगले ही दिन अपना पद गंवाना पड़ा। वह बात दीगर है कि वे जेडी आजमगढ़ बनाए गए है, लेकिन इस बात की चर्चा जोरों पर है कि सच बोलने की सजा मिली है निवर्तमान सीएमएस डॉ दिवाकर सिंह को।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि सीएमएस डॉ दिवाकर सिंह का कार्यकाल पूरी तरह से विवादों में घिरा रहा। पत्रकार को फोटो और खबर ना लिखने की मनाही का मामला हो, पुष्पा देवी की आपरेशन थियेटर में मौत का मामला हो, साफ-सफाई और मरीज को मिलने वाले भोजन का मामला हो। जब-जब मरीज या फिर जनपदवासियों ने सीएमएस के खिलाफ आवाज उठाई, तब-तब जिला प्रशासन ने उनके कारनामों पर पर्दा डालने या फिर मामले को डायवर्ट करने की कोशिश की। लेकिन इस बार जब सीएमएस ने मौत का कारण हीट वेब बता दिया तो सबको नागवार गुजरा। अपनी किरकिरी होते देख जिलाधिकारी रविंद्र कुमार को खुद आकर बयान देना पड़ा कि सीएमएस का बयान गैर जिम्मेदाराना है। हीट वेब मौत का कारण नहीं है। मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। खैर इस बात की चर्चा जोरों पर है कि सीएमएस को सच बोलने की कीमत कुर्सी गंवा कर चुकानी पड़ी।

## अपर मुख्य सचिव पंचायती राज के हुक्म से बढ़ी सभी की बेचैनी

**गाजीपुर।** अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि 17 जून को मुख्यमंत्री द्वारा जारी आदेश के क्रम में अपर मुख्य सचिव पंचायती राज उत्तर प्रदेश शासन के नए फरमान से सभी की बेचैनी बढ़ गई है।

उनके द्वारा समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य, ब्लाक प्रमुख, अध्यक्ष जिला पंचायत के साथ ही खंड विकास अधिकारी एवं अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देश जारी किया गया है कि शासकीय धनराशि के सापेक्ष स्वीकृत कार्यों की गुणवत्ता शत प्रतिशत मानक के अनुसार रखी जाए। साथ ही समय= पर अनुश्रवण व मूल्यांकन जनपद स्तर पर तथा शासन स्तर से स्टेट क्वालिटी मॉनिटर के माध्यम से कराया जाए। इस निर्देश के बाद विभागीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की बेचैनी बढ़ गई है। शासन के निर्देश के क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह द्वारा जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी, अभियन्ता, अवर अभियन्ता व अन्य कर्मचारियों के साथ बैठक की गई और अगले माह में स्थलीय निरीक्षण करके कार्यों की गुणवत्ता की जांच स्वयं किए जाने के लिए निर्देशित किया गया।

## अवैध खनन एवं नियम विरुद्ध लाउडस्पीकर बजाने पर हो सख्त कार्रवाई

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, वरासत अभियान, कोर्ट केस एवं अवमानना वाद, फैमिली आईडी की प्रगति तथा अवैध खनन एवं नियम विरुद्ध लाउडस्पीकर के खिलाफ की जा रही कार्यवाहियों सहित तहसील स्तरीय कई अन्य योजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नेडा द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2022-23 की कई योजनाएं अभी तक पूर्ण न होने एवं कई अन्य योजनाओं पर अभी तक कार्य प्रारंभ न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए पीओ नेडा एवं वरिष्ठ लिपिक का वेतन रोकने के निर्देश दिए। फैमिली आईडी के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त उप जिला अधिकारियों को खंड विकास अधिकारियों के साथ बैठक कर इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। रियल टाइम खतौनी अपडेशन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अपर जिला अधिकारी को प्रतिदिन तहसीलदारों से एक खतौनी का निरीक्षण करने एवं समस्त उप जिलाधिकारियों को खतौनी का नियमित निरीक्षण कर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण करने को कहा।

मोटर दुर्घटना क्लेम, पारिवारिक न्यायालय एवं अन्य न्यायालयों से प्राप्त आरसी की वसूली की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधितों के खाते सीज करने एवं उनकी अचल संपत्तियों को कुर्क कर नीलामी की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करते हुए वसूली करने के निर्देश दिए। अवैध खनन, नियम विरुद्ध लाउडस्पीकर/डीजे के खिलाफ अब तक की गई कार्यवाहियों की भी जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने आवश्यक निर्देश दिए। अवैध खनन के खिलाफ की जा रही कार्रवाईयों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बिना वजह आम लोगों को परेशान न करने तथा अवैध खनन से जुड़े लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा। इस दौरान अपर जिला अधिकारी भानु प्रताप सिंह, नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दिनेश कुमार सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा की ओर से 9 साल बेमिसाल को लेकर लाभार्थी सम्मेलन का हुआ आयोजन

# जो 70 साल में नहीं हुआ, उससे ज्यादा 9 साल में हुआ: पूर्व विधायक

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



विधानसभा सैदपुर स्थित पूर्व विधायक सुभाष पासी के कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी ने नौ साल बेमिसाल लाभार्थी सम्मेलन का जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजन किया। सम्मेलन का संचालन महामंत्री दयाशंकर पांडेय ने किया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने केंद्र सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2014 में जब जनता के आशीर्वाद से पूर्ण बहुमत की सरकार बनी तभी भरोसा जताया था कि ये गरीबों का घर बनाने और उनके कल्याण के लिए सरकार बनी है। इस अवसर पर लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय, पूर्व विधायक सुभाष पासी, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री बृजनंदन सिंह, वरिष्ठ नेता ओमकार मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष सुशीला सोनकर, पूर्व चेयरमैन शीला सोनकर, पूनम मौर्या, रघुवंश सिंह पप्पू, नरेंद्र पाठक, मंडल अध्यक्ष अश्वनी पांडेय, मंडल अध्यक्ष श्याम कुमार मौर्या, एमएलसी प्रतिनिधि डॉ प्रदीप पाठक, दिलीप गुप्ता, अजीत सिंह, हरि शरण वर्मा, धीरज सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पूर्व विधायक सुभाष पासी ने कहा कि प्रधानमंत्री की मां दूसरों के घरों मे बर्तन माजने का कार्य करती थी। उन्होंने अपनी मां के तकलीफों को देखा है। सरकार बनते ही प्रधानमंत्री ने सड़क, बिजली, शौचालय पर तत्काल कार्य करना शुरू किया। जितना 70 सालों में कार्य नहीं हुआ उससे ज्यादा प्रधानमंत्री ने नौ साल में करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि अब बिना बिचैलियों के गरीबों के खाते में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पूरा-पूरा पहुंचता है। जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में गरीब मजदूर महिलाओं को बराबरी का दर्जा मिलने के साथ ही बेरोजगारों को रोजगार व जिनके पास घर नहीं है, उन्हें घर मिला।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 102वां मन की बात कार्यक्रम का हुआ आयोजन :** सैदपुर विधानसभा क्षेत्र के शक्ति केंद्र बहेरी बूथ संख्या 39 पर गाजीपुर एमएलसी विशाल सिंह चंचल की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 102वां मन की बात कार्यक्रम के आयोजन को सुना गया। कार्यक्रम में स्थानीय समस्त भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक व आम लोग भी शामिल रहे।

## एक नजर

### बांसडीह सीएससी फाइलेरिया रोगियों को उपलब्ध कराई गई एमएमडीपी किट



**बलिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसडीह पर स्वास्थ्य विभाग ने कैम्प आयोजित कर 160 फाइलेरिया रोगियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही फाइलेरिया प्रभावित अंगों की रुग्णता प्रबंधन के लिए एमएमडीपी किट प्रदान की गयी। इस कार्यक्रम में सहयोगी संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही। प्रशिक्षण में जिला मलेरिया अधिकारी (डीएमओ) सुनील कुमार यादव ने कहा कि फाइलेरिया मच्छर जनित रोग है। यह मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। इसे लिम्फोडिमा (हाथी पांव) भी कहा जाता है। यह न सिर्फ व्यक्ति को दिव्यांग बना देती है बल्कि इस वजह से मरीज की मानसिक स्थिति पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। इससे बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर के आस- पास व अंदर साफ-सफाई रखें, पानी जमा न होने दें और समय= पर रुके हुए पानी में कीटनाशक, जला हुआ मोबिल, डीजल का छिड़काव करते रहें। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद में फाइलेरिया के 4954 मरीज हैं। इसमें हाइड्रोसील के 780 और लिम्फोडीमा के 4174 मरीज हैं। हाइड्रोसील के 780 मरीजों में से 117 मरीजों का सफल ऑपरेशन हो चुका है। लिम्फोडीमा के 4174 मरीजों में से 2188 मरीजों को एमएमडीपी किट वितरित की जा चुकी है। ब्लॉक सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक अनिता यादव ने बताया कि शुक्रवार को 160 रोगियों को फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए एमएमडीपी किट प्रदान की गई।

### मोहम्मदाबाद-शाहगंज रेल खंड पर अंडरपास बनाने की मांग को ले 17 मई से धरना जारी



**मऊ।** मोहम्मदाबाद-शाहगंज रेल खंड पर अंडरपास बनाने की मांग को लेकर लगातार 17 मई से जारी धरना रविवार को भी जारी रहा। धरने का नेतृत्व कर रहे पूर्व प्रधान कल्पनाथ सिंह, रणविजय पटेल एवं हरि ओम शरण पांडेय, वीरेंद्र पांडेय समेत गांव की सैकड़ों महिलाएं तथा पुरुषों ने कहा कि रेलवे द्वारा हम लोगों की मांगों को जब तक नहीं पूरा किया जाएगा तब तक यह धरना चलता रहेगा। एक महीना और बीतने के पश्चात हम ग्रामवासी इससे भी कठोर कदम उठाएंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी रेल प्रशासन की होगी। इस भीषण गर्मी एवं आसमान से बरस रही आग के बीच भी महिलाएं तथा पुरुष धरने पर बैठे हुए थे और रेलवे विभाग को कोस रहे थे। इस अवसर पर पूर्व प्रधान रणविजय पटेल ने गांव के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रेलवे द्वारा हमारे साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। अगर अंडर पास बन जाता तो हम गांव में रहने वाले लोगों को इस समस्या से निजात मिलती। ग्राम वासियों ने रेलवे प्रशासन से बार-बार अपील किया है कि जल्द से जल्द अंडरपास बनवाया जाए ।

### डीएचए गाजीपुर ने जीता हॉकी प्रतियोगिता का खिताब, गोरा बाजार में हुआ फाइनल मुकाबला



**गाजीपुर।** पूर्व सांसद स्व विश्वनाथ सिंह गहमरी सेवन ह्यएह्य साइड हॉकी प्रतियोगिता का समापन रविवार को नेहरू स्टेडियम गोराबाजार में सम्पन्न हुआ। खेल प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच डीएचए गाजीपुर एवं चंबल विजार्ड के मध्य खेला गया। इसमें डीएचए गाजीपुर ने अपने प्रतिद्वंद्वी चंबल विजार्ड को 06-04 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों में पुरस्कार वितरण किया। प्रतियोगिता में अंपायर की भूमिका बृजेश कुमार हॉकी कोच, रविशंकर गुप्ता, करण कुमार, रामा ने निभाया। इस अवसर पर हॉकी कोच नफीस अहमद, सभासद प्रतिनिधि शाहिद, सभासद प्रतिनिधि रणजीत यादव, जुबेर अहमद, इलियास, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद परवेज उर्फ गुलतु, दुर्गेश पाल अन्तराष्ट्रीय खिलाड़ी, राजन प्रजापति, दिनेश यादव, सुदामा एवं अन्य खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### सपा के मुखिया गुंडों के सरदार हो सकते हैं, गरीबों के मसीहा नहीं: उप मुख्यमंत्री



**मऊ।** केंद्र में भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज जनपद के कोपागंज स्थित बाबू राम इंटर कॉलेज में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंच से जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने भाजपा सरकार के केंद्र में 9 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। पूर्व की सरकारों में ऐसा संभव नहीं हो पाता था। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से घोसी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की। साथ ही पूरे प्रदेश की 80 लोकसभा सीट जीतने का संकल्प भी दोहराया। कार्यक्रम के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी पार्टियों पर जमकर प्रहार किया। बसपा की सुप्रीमो मायावती पर वोट बेचने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि सपा के मुखिया गुंडों के सरदार हो सकते हैं लेकिन गरीबों के मसीहा नहीं हो सकते हैं। कोर्ट में हत्या को लेकर उन्होंने कहा कि हमारी सरकार अपराधियों को नियम संगत फांसी तथा आजीवन कारावास के लिए प्रतिबद्ध है।

### तमसा नदी में गिरकर युवक की मौत

**मऊ।** मोहम्दाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेख हमदपुर निवासी 38 वर्षीय एक युवक की लाश मीरपुर रहीमाबाद स्थित तमसा नदी में बहती हुई दिखाई दी। नदी में कुछ लोग नहा रहे थे। लाश नदी में दिखाई देने पर इसकी सूचना ग्राम प्रधान एवं स्थानीय पुलिस को दी गयी। कुछ ही देर में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और जेब की तलाशी के दौरान आधार कार्ड के आधार पर लाश की पहचान नबी अहमद पुत्र अली अहमद ग्राम शेख हमदपुर थाना मोहम्मदाबाद गोहना के रूप में हुई। इस बाबत पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इसे शराब की लत थी और बराबर शराब पीता था। गांव के लोगों का कहना है कि शनिवार रात्रि भी खूब जमकर शराब पिया और अपने घर नदी पार करके जा रहा था कि नदी में पैर फिसल जाने के कारण गहरे पानी में समा गया जिससे उसकी मौत हो गई।